# बालिका शिक्षा फाउण्डेशन राजस्थान, जयपुर

एकलव्य भवन, डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर (राज.) 302015

क्रमांकः–प. 2/बा.शि.फा./गार्गी पुरस्कार/2023–00004–5177167 Part File(2)–10638477 दिनांक : As E-Sign

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक
समस्त।

**विषयः–गार्गी पुरस्कार (प्रथम एवं द्वितीय किस्त) एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2026–27 के ऑनलाईन आवेदन दिनांक 25.12.2026 तक भरवाये जाने के संबंध में।**

**सन्दर्भः–संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग के पत्रांक F.17(9)EDU-1/2014-04337, राजकाज रेफरेंस नम्बर–25632543, दिनांक 27.11.2026**

उपरोक्त विषय एवं सन्दर्भित पत्र के अनुसार बालिका शिक्षा फाउण्डेशन द्वारा संचालित गार्गी पुरस्कार योजना (प्रथम किस्त एवं द्वितीय किस्त) एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना वर्ष 2026–27 में पात्र बालिकाओं के ऑनलाईन आवेदन पत्र विद्यालय स्तर से "BENEFICIARY SCHEME PORTAL" पर भरवाने जाने के लिए पोर्टल प्रारम्भ किया गया है, आवेदन की अन्तिम तिथि 25.12.2026 निर्धारित की गई है।

इस संबंध में आप कार्यालय को निर्देशित किया जाता है कि आपके अधीनस्थ समस्त निजी एवं राजकीय विद्यालयों के संस्था प्रधानों को पात्र बालिकाओं के ऑनलाईन आवेदन दिनांक 25.12.2026 तक संलग्न दिशा–निर्देशों के अनुसार भरने हेतु पाबन्द करें, ताकि सभी पात्र बालिकाऐं पुरस्कार से लाभान्वित हो सकें। यदि आपके जिले की कोई भी पात्र बालिका पुरस्कार से वंचित रहती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आप स्वंय का होगा।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

भवदीया

(उषा शर्मा)
सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

क्रमांकः–प. 2/बा.शि.फा./गार्गी पुरस्कार/2023–00004–5177167 Part File(2)–10638477 दिनांक : As E-Sign

प्रतिलिपी :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार
2. निजी सचिव, निदेशक महोदय, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर
3. संयुक्त शासन सचिव महोदय, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, एवं निदेशक, बा0 शिक्षा फा0, जयपुर
4. उपायुक्त, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, समसा. शिक्षा संकुल जयपुर।
5. निदेशक, संस्कृत शिक्षा निदेशालय, जयपुर।
6. तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., शिक्षा संकुल परिसर, जयपुर।
7. प्रभारी अधिकारी, छात्रवृति प्रकोष्ठ, मा.शि.नि., बीकानेर।
8. उप निदेशक शाला दर्पण प्रकोष्ठ समसा जयपुर।
9. उप निदेशक मॉडल स्कूल प्रकोष्ठ समसा जयपुर।
10. रक्षित पत्रावली।

सचिव
बालिका शिक्षा फाउण्डेशन
जयपुर

RajKaj Ref No.: 25637402

Digitally signed by USHA SHARMA
Designation: Secretary
Date: 2026-11-28 16:20:03 IST

v-1.0

**वर्ष 2026–27** में गार्गी पुरस्कार योजना (प्रथम एवं द्वितीय किस्त) एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के ऑनलाईन आवेदन भरवाये जाने के संबंध में प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देशः–

1. **गार्गी पुरस्कार योजना (प्रथम किस्त):–**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज. अजमेर द्वारा आयोजित माध्यमिक/प्रवेशिका **परीक्षा–2026** एवं स्वामी विवेकान्द मॉडल स्कूल की माध्यमिक **परीक्षा–2026** में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाऐं जो कि वर्तमान **शैक्षणिक–सत्र् 2026–27** में कक्षा–11 में नियमित अध्ययनरत है, को पुरस्कार की प्रथम किस्त के रूप में राशि 3000/– एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाना है।

2. **गार्गी पुरस्कार योजना (द्वितीय किस्त):–**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज. अजमेर द्वारा आयोजित माध्यमिक/प्रवेशिका **परीक्षा–2025** एवं स्वामी विवेकान्द मॉडल स्कूल की माध्यमिक **परीक्षा–2025** में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाऐं जो कि वर्तमान **शैक्षणिक–सत्र् 2026–27** में कक्षा–12 में नियमित अध्ययनरत है, को पुरस्कार की द्वितीय किस्त के रूप में राशि 3000/– प्रदान की जानी है।

3. **बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजनाः–**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज. अजमेर द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय **परीक्षा–2026** एवं स्वामी विवेकान्द मॉडल स्कूल की उच्च माध्यमिक **परीक्षा–2026** में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार स्वरूप राशि 5000/– एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाना है।

- उपरोक्त योजनाओं में ऑनलाईन आवेदन विद्यालय लॉगिन से शाला दर्पण पोर्टल के "BENEFICIARY SCHEME PORTAL" टैब पर भरे जाने हैं। पुरस्कार राशि जन–आधार इन्टीग्रेशन एवं **DBT** माध्यम से अन्तरित की जायेगी।
- पुरस्कार प्रमाण–पत्र भी पोर्टल पर ऑनलाईन उपलब्ध करवाया जायेगा।

➢ **बालिका की माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षा की अंकतालिका एवं परिवार जन आधार कार्ड में दर्ज डाटा (बालिका का नाम, माता का नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक और जेण्डर) एक जैसा होने पर ही आवेदन FINAL SUBMIT होगा।**

RajKaj Ref No.:
25637402

Digitally signed by
USHA SHARMA
Designation: Secretary
Date: 2026-11-28
16:20:03 IST

v-1.0